शुगर मिल से 49 .50 लाख की ठगी

रामदेव नाम पर गन्ना सप्लाई का मामला

बनखेड़ी,18 जुलाई. क्षेत्र की रामदेव शुगर मिल में गन्ना कटाई और ढुलाई के लिए मजदूर उपलब्ध कराने के नाम पर करीब साढ़े 49 लाख रुपये की धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है.बनखेड़ी पुलिस ने मिल प्रबंधन की शिकायत पर महाराष्ट्र के बीड जिले के एक लेबर ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है. रामदेव शुगर प्राइवेट लिमिटेड ठैनी के प्रबंधक सेवक शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है.

उन्होंने बताया कि आरोपी रोहितदास सोमा चव्हाण निवासी जिला बीड, महाराष्ट्र ने पेराई सत्र 2024-25 के दौरान मिल को गन्ना कटाई के लिए पर्याप्त मजदूर उपलब्ध कराने का भरोसा दिया था.इस एवज में आरोपी ने मिल प्रबंधन से अलग-अलग किश्तों में कुल 49 लाख 50 हजार रुपये एडवांस ले लिए. राशि प्राप्त करने के बाद आरोपी ने न तो मिल को मजदूर उपलब्ध कराए और न ही पैसे वापस किए. इसके बाद वह पैसे लेकर फरार हो गया. लंबे समय तक आरोपी का सुराग न मिलने के बाद, हाल ही में कंपनी के प्रतिनिधियों ने आरोपी रोहितदास को बनखेड़ी क्षेत्र में ही घूमते हुए पहचान लिया. मिल के कर्मचारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ा और तुरंत बनखेड़ी थाना पुलिस के हवाले कर दिया. बनखेड़ी थाना प्रभारी विजय सनस ने बताया कि मिल प्रबंधक की लिखित शिकायत और प्राथमिक जांच के आधार पर आरोपी रोहितदास सोमा चव्हाण के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) एवं 318(4) म के तहत मामला पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना प्रारंभ कर दी है.

जोड़ीक कंपनी के नाम ठगी का खुलासा दो गिरफ्तार

99 हजार की साइबर ठगी का खुलासा

नर्मदापुरम, 18 जुलाई. देहात थाना पुलिस ने जोड़ीक कंपनी के नाम पर रिफंड का झांसा देकर महिला से 99 हजार रुपये की साइबर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. तकनीकी जांच और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने आरोपियों तक पहुंचकर उन्हें केरल और महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया. आरोपियों ने जोड़ीक कंपनी के नाम पर कपड़ों की बुकिंग की राशि वापस करने का झांसा देकर रसूलिया निवासी महिला रूबी फौजदार के बैंक खाते से 99 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी.पुलिस के अनुसार फरियादिया ने 18 मार्च 2026 को जोड़ीक कंपनी से कपड़ों की बुकिंग के लिए 9 हजार रुपये फोनपे के माध्यम से जमा किए थे . अगले दिन कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क करने पर खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले साइबर ठग ने रिफंड दिलाने के नाम पर बैंक खाते से 99 हजार रुपये निकाल लिए .

मांगें नहीं मानीं तो होगा मुख्यमंत्री का घेराव

20 जुलाई की महाबैठक में बनेगी आर-पार की रणनीति

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 18 जुलाई.मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी, खाद वितरण में ई-पोर्टल की खामियां, बिजली संकट और खेत सड़क योजना सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का फैसला किया है.

20 जुलाई को इटारसी में छह से अधिक जिलों के किसानों और नौ किसान संगठनों की महाबैठक होगी, जिसमें सरकार को अंतिम चेतावनी देते हुए भोपाल में मुख्यमंत्री निवास घेराव की रणनीति तय की जाएगी.

प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर एक बार फिर बड़ा आंदोलन खड़ा होता दिखाई दे रहा है. मूंग की फसल की शत-प्रतिशत खरीदी, खाद वितरण के लिए लागू ई-पोर्टल व्यवस्था में सुधार, पर्याप्त बिजली आपूर्ति, खेत सड़क योजना सहित कई लंबित मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने सरकार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है. इसी कड़ी में 20 जुलाई को इटारसी स्थित देवाशीष गार्डन में छह से अधिक जिलों के किसानों की महाबैठक आयोजित की जाएगी. बैठक में प्रदेश के प्रमुख किसान संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान शामिल होकर आगामी आंदोलन की रणनीति पर मंथन करेंगे.किसान नेताओं का कहना है कि यदि सरकार ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया तो भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा. इसके लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के साथ बड़ी संख्या में किसान भोपाल कूच करेंगे.राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा ने बताया कि लंबे समय से किसान अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई. ऐसे में अब संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया है. उन्होंने कहा कि महाबैठक में सभी संगठनों की राय लेकर आंदोलन की अंतिम रूपरेखा तैयार की जाएगी.

एक नजर में

अनिका माहेश्वरी ने जीते तीन पदक

बनखेड़ी, 18 जुलाई. बनखेड़ी की होनहार टेबल टेनिस खिलाड़ी अनिका माहेश्वरी ने वर्ष 2026 की मध्य प्रदेश टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है. अनिका ने अंडर-11 वर्ग में स्वर्ण पदक, अंडर-15 वर्ग में रजत पदक और अंडर-13 वर्ग में कांस्य पदक जीतकर एक साथ तीन पदक अपने नाम किए. उनकी इस उपलब्धि से बनखेड़ी क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है. परिवार, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों ने अनिका को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अनिका प्रसिद्ध उद्योगपति राजेश माहेश्वरी की पोती हैं.

एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स भर्ती, 50 छात्राओं ने लिया हिस्सा

बनखेड़ी, 18 जुलाई. पीएम श्री कन्या शाला बनखेड़ी में 5 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, नर्मदापुरम द्वारा एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। भर्ती में विद्यालय की 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया .निर्धारित शारीरिक दक्षता, फिटनेस एवं अन्य मानकों के आधार पर योग्य छात्राओं का चयन किया गया. भर्ती प्रक्रिया के दौरान छात्राओं की दौड़ सहित विभिन्न शारीरिक परीक्षण लिए गए . चयनित छात्राओं को एनसीसी के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रसेवा से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पी .डी . शर्मा, खेल अधिकारी कलिराम अहिरवार, सेकेंड ऑफिसर ममता ठाकुर तथा 5 एमपी गर्ल्स बटालियन, नर्मदापुरम के हवलदार हेमराज पटेल सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा.

बालटाल में 20 से 24 तक होगी कथा

नर्मदापुरम, 18 जुलाई. बाबा बर्फानी के पावन धाम अमरनाथ के बालटाल तीर्थ क्षेत्र में 20 से 24 जुलाई तक पंचदिवसीय शिव पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा. कथा का वाचन भागवत भूषण डॉ. पुष्कर परसाई प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक करेंगे. आयोजन बर्फानी बाबा सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है .आचार्य डॉ. पुष्कर परसाई ने बताया कि अमरनाथ धाम का विशेष आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व है. मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी पावन स्थल पर माता पार्वती को अमरकथा सुनाई थी. उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा त्याग, तपस्या, श्रद्धा और आत्मज्ञान का संदेश देती है. कथा का शुभारंभ बाबा अमरनाथ के श्रीचरणों में प्रथम अध्याय के वाचन के साथ होगा.

अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध 7 प्रकरण दर्ज

हरदा , 18 जुलाई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने शुक्रवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की. जिला आबकारी अधिकारी श्री सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने हरदा शहर के पीलियाखाल, इमलीपुरा, सकूर कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 32, दूध डेयरी मोहल्ला, बंगाली कॉलोनी मे दबिश दी. दबिश के दौरान कुल 21 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 480 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज किये गए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 52200 /- रूपये है.

छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से किया जागरूक

नशामुक्ति का दिलाया संकल्प

हरदा , 18 जुलाई.मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है ज़रूरी' अभियान के तहत शनिवार को टिमरनी स्थित एसडीओपी कार्यालय में उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में एसडीओपी टिमरनी एवं थाना प्रभारी टिमरनी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक हानियों तथा उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया.इस दौरान गायत्री परिवार हरदा के जिला संयोजक प्रेम नारायण गौर एवं अन्य सदस्यों ने भी युवाओं को नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच और नशामुक्त जीवन के महत्व से अवगत कराया. उन्होंने समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सभी से सक्रिय सहयोग की अपील की.

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज में भी नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया.हरदा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी मादक पदार्थों के अवैध क्रय-विक्रय या सेवन की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि नशामुक्त एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके.

विशेष लोक अदालत में हुआ 21 प्रकरणों का सफल निराकरण

हरदा , 18 जुलाई. म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अरविंद रघुवंशी के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा जिला न्यायालय हरदा, व्यवहार न्यायालय खिरकिया तथा व्यवहार न्यायालय टिमरनी, जिला हरदा में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा-138 के अंतर्गत मामलों के निपटारे के लिए जिले में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत के प्रभावी संचालन हेतु जिले में कुल 4 खण्डपीठों का गठन किया गया था, जिनमें से 2 खण्डपीठ जिला मुख्यालय और 01-01 व्यवहार न्यायालय टिमरनी एवं व्यवहार न्यायालय खिरकिया में गठित की गई.विशेष लोक अदालत में धारा-138 एन.आई. एक्ट के कुल 26 लंबित प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे. समझौते के आधार पर कुल 21 प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया .

लोक सेवा गारंटी के मामलों को समय-सीमा में निपटाएं : कलेक्टर

राजस्व प्रकरणों में देरी पर होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 18 जुलाई . कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत शाखा के सभी मामलों की रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा में शासन स्तर तक भेजना सुनिश्चित करें तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण किया जाए.उन्होंने स्पष्ट किया कि समय-सीमा के बाद भी प्रकरण लंबित पाए जाने पर संबंधित एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के विरुद्ध जुर्माना एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

शनिवार को कलेक्ट्रेट के रेवा सभा कक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सीमांकन, भू-अर्जन, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राजस्व वसूली और राहत प्रकरणों की समीक्षा की. वन ग्रामों से संबंधित लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा तथा राजस्व वसूली के लक्ष्य वित्तीय समाप्त होने से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए.

अनमोल को मिला माइक्रोसॉफ्ट एमवीपी सम्मान

सिवनी मालवा, 18 जुलाई. सिवनी मालवा के युवा तकनीकी विशेषज्ञ अनमोल मालवीय ने एक बार फिर क्षेत्र और मध्यप्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है. विश्व की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने उन्हें वर्ष 2026 के माइक्रोसॉफ्ट मोस्ट वैल्यूएबल प्रोफेशनल सम्मान से नवाजा है.

उन्हें पावर बीआई क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए लगातार दूसरे वर्ष यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड मिला है. इससे पहले वर्ष 2025 में भी उन्हें यही सम्मान प्राप्त हुआ था. अनमोल, डॉ. सुरेंद्र कुमार मालवीय एवं श्रीमती सुषमा मालवीय के सुपुत्र हैं.

वे पिछले कई वर्षों से डेटा एनालिटिक्स, पावर बीआई और माइक्रोसॉफ्ट फैब्रिक के क्षेत्र में सक्रिय हैं. तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वे 100 से अधिक तकनीकी ब्लॉग लिख चुके हैं और 300 से अधिक तकनीकी वीडियो के माध्यम से हजारों लोगों तक ज्ञान पहुंचा चुके हैं. लिंक्डइन पर उनके 15 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं.

अनमोल ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार, मार्गदर्शकों और तकनीकी समुदाय को दिया. उनकी इस सफलता पर क्षेत्रवासियों, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है.

अघोषित विद्युत कटौती से नागरिक परेशान

पिपरिया, 18 जुलाई.बिजली की घोषित और अघोषित कटौती से आम नागरिक परेशान हैं.अचानक विद्युत आपूर्ति बंद होने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, विशेषकर कंप्यूटर खराब हो रहे हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है.नागरिकों का कहना है कि हल्की हवा चलने पर भी विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है.वहीं डीओ डालने, 11 केवी लाइन पर एफडीआर की सीटी क्लैंप जलने सहित अन्य कारणों को बताकर बिजली बंद की जा रही है.

अभद्र व्यवहार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरदा , 18 जुलाई. नगर पालिका परिषद हरदा की सामान्य सभा की बैठक के दौरान महिला अध्यक्ष के साथ कथित अभद्र व्यवहार के मामले में भारतीय जनता पार्टी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है.भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.

मंडल अध्यक्ष नितेश बादर ने बताया कि नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक में हुए विवाद को लेकर यह ज्ञापन दिया गया है. ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 17 जुलाई 2026 को आयोजित परिषद की बैठक के दौरान कांग्रेस पार्षद अमर रोचलानी ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेड़िया के साथ अभद्र व्यवहार किया. आरोप है कि पार्षद ने एजेंडे से हटकर ऊंची आवाज में विरोध करते हुए अध्यक्ष पर दबाव बनाने और उन्हें डराने का प्रयास किया, जिससे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन हुआ. भाजपा ने ज्ञापन में कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनहित के मुद्दे उठाने का पूरा अधिकार है, लेकिन सदन की गरिमा और मर्यादित भाषा का पालन आवश्यक है. महिला अध्यक्ष के साथ इस तरह के व्यवहार से महिला जनप्रतिनिधियों में भय का वातावरण बनने की बात भी ज्ञापन में कही गई है. प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कांग्रेस पार्षद अमर रोचलानी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की. जिला महामंत्री बसंत राजपूत, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, नगर महामंत्री सौरभ तिवारी तथा एल्डरमैन नवीन असरानी रहे.

नशा मुक्त समाज बनाने युवाओं को किया प्रेरित

पिपरिया, 18 जुलाई. शासकीय कन्या महाविद्यालय में 'नशे से दूरी है जरूरी अभियान-2.0' का शुभारंभ किया गया. समाज को नशामुक्त बनाने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में महाविद्यालय की छात्राओं और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की.

अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके बाद जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने नशा विरोधी नारे लगाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया. छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी. अधिकारी डॉ. सरोज साहू ने छात्राओं को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया.

आयोजन | **पुलिस व सामाजिक न्याय विभाग ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ**

झुग्गी बस्ती में पहुंचा नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 18 जुलाई. प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत नर्मदापुरम में पुलिस विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग ने संयुक्त रूप से बड़ी पहाड़ियां स्थित झुग्गी बस्ती में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम में लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उपचार, पुनर्वास और परामर्श की जानकारी दी गई.

कार्यक्रम में उप निरीक्षक प्रहलाद सिंह प्रजापति, प्रधान आरक्षक उमेश तिवारी, आरक्षक हरि गोविंद सहित रक्षित केंद्र नर्मदापुरम के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे. सामाजिक न्याय विभाग की ओर से ऋषभ शास्त्री, दिनेश चौरसिया और मिनेश मीना तथा संकल्प नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, मालाखेड़ी की टीम ने सहभागिता की. इस दौरान नशे के आदी व्यक्तियों एवं उनके परिजनों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की सुविधाओं की जानकारी दी गई. विशेषज्ञों ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए नशा छोड़ने के लिए परामर्श एवं उपचार की प्रक्रिया समझाई. कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को नशा न करने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई.

नशे से दूर रहने नागरिकों को किया जागरूक

पिपरिया, 18 जुलाई. थाना स्टेशन रोड पुलिस द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी अभियान-2.0' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम ने थाना परिसर के आसपास मौजूद नागरिकों और राहगीरों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी.

पुलिस ने बताया कि नशे से व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. उपस्थित लोगों से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की गई. नागरिकों और राहगीरों को नशा नहीं करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने की शपथ दिलाई गई.

पानी की समस्या को लेकर पार्षद का धरना

इटारसी, 18 जुलाई . वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद अमित कापरे ने शनिवार को जल आपूर्ति की समस्या और नगर पालिका की कार्यप्रणाली के विरोध में ओवरब्रिज के नीचे धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान वार्ड 17 के पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक साहू भी उनके साथ मौजूद रहे. प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने वार्ड में पेयजल संकट और पाइपलाइन कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई.

पार्षद अमित कापरे का आरोप है कि उनके वार्ड की एक गली के आधा दर्जन से अधिक परिवार पिछले कई महीनों से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं. उनका कहना है कि चार महीने बाद पाइप उपलब्ध कराए गए, लेकिन उन्हें जमीन में बिछाने का कार्य अब तक पूरा नहीं किया गया. उन्होंने बताया कि काम आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अपने निजी खर्च पर जेसीबी मशीन से खुदाई करानी पड़ी और करीब ढाई हजार रुपये का प्लंबिंग सामग्री भी खरीदनी पड़ी. कापरे ने नगर पालिका की टेंडर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि अलग-अलग ठेकेदारों के कारण आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध नहीं हो रही, कार्य प्रभावित हो रहा है.